# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–16 मई 2026** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के ताल नदोर में तीन सौ तिरानबे करोड़ रुपये की लागत से बनाये जा रहे अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने स्टेडियम के बगल में विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बनाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के आसपास होटल, रेस्त्रां और बाजार की नई श्रृंखला विकसित की जायेगी, जिससे बड़ी संख्या में रोजगार सृजन होगा। श्री योगी ने कहा कि खेलो इण्डिया खेलो और फिट इण्डिया मूवमेंट के माध्यम से देश और प्रदेश में एक नई खेल संस्कृति आगे बढ़ी है।

***प्रधान मंत्री जी ने 2014 में देशवासियों से कहा था एक श्खेलो इंडिया खेलोश का एक स्लोगन दिया था। फिर उन्होंने शफिट इंडिया मूवमेंट की बात कही थी। देश के अंदर इनके माध्यम से एक नई खेल संस्कृति आगे बढ़ी। परिणाम है भारत का प्रतिभाग इंटरनेशनल जितनी भी वर्ल्ड कप से जुड़ी हुई प्रतियोगिताएं थीं उनमें बढ़ी।***

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में अब तक पांच सौ चौंतीस से अधिक पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधी भर्ती से नौकरी दी जा चुकी है और पांच सौ खिलाड़ियों के लिये नई भर्ती की तैयारी है।

इस अवसर पर मौजूद केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि गोरखपुर का इण्टरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम युवाओं के सपनों और सम्भावनाओं को नई दिशा देगा। इस अवसर पर केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री कमलेश पासवान भी मौजूद रहे।

**********

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने शैक्षणिक सत्र 2025–26 की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद छात्रों के लिए विभिन्न सुविधाओं की घोषणा की है। बोर्ड ने इस बार मूल्यांकन प्रक्रिया को और अधिक सटीक और पारदर्शी बनाने के लिए 'ऑन स्क्रीन मार्किंग'–ओएसएम प्रणाली का उपयोग किया है। एक रिपोर्ट–

***पहले चरण में, छात्र अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियां मांग सकते हैं। ये ऑनलाइन लॉगिन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी और समीक्षा के लिए डाउनलोड की जा सकती हैं। जबकि दूसरे चरण में, छात्र विसंगतियों के सत्यापन के लिए आवेदन कर सकते हैं या अंकन योजना के आधार पर विशिष्ट उत्तरों के पुनः मूल्यांकन का अनुरोध कर सकते हैं। बोर्ड ने कहा कि सभी आवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए, और प्रत्येक चरण के लिए केवल एक आवेदन स्वीकार किया जाएगा। छात्र 19 से 22 मई के बीच मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रति प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसका शुल्क प्रति विषय सात सौ रुपये है। अनुपम और शिवांग की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से फरहत नाज।***

**********

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने नीट–यूजी–2026 परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्य आरोपी पी.वी. कुलकर्णी को पुणे से गिरफ्तार कर लिया है। कुलकर्णी रसायन विज्ञान के लेक्चरर हैं और एन.टी.ए. की ओर से परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थे। एजेंसी ने पिछले 24 घंटों में देशभर में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया और कई आपत्तिजनक दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और मोबाइल फोन जब्त किए। इससे पहले गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों में से तीन जयपुर से, एक गुरुग्राम से और एक नासिक से हैं।

**********

दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के बाद तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की है। राज्य के प्रमुख शहरों में अब पेट्रोल की कीमत औसतन 95 से 97 रुपये प्रति लीटर और डीजल की दरें लगभग 88 से 91 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं।

**********

प्रदेश के सभी जिलों की सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। बस्ती की सदर तहसील में जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने लोगों की समस्या सुनीं। बलरामपुर की सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी विपिन जैन और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार मौजूद रहे।

**********

प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में वट सावित्री का पर्व आज श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। प्रयागराज में आज सुबह सुहागन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर अपने सुहाग की लम्बी उम्र और अच्छी सेहत की कामना की। गोरखपुर और गाजीपुर में निर्जला व्रत रहकर महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा की। इस पर्व का महात्म सावित्री और सत्यवान की कथा से जुड़ा हुआ है, जिसमें माता सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा करने में सफलता पाई थी।

**********